ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 14-09-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-09-14 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-09-15	2021-09-16	2021-09-17	2021-09-18	2021-09-19
वर्षा (मिमी)	8.0	5.0	7.0	2.0	4.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	31.0	33.0	34.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	20.0	20.0	21.0	21.0	22.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	90	80	80	80	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	40	60	50	45	50
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	10.0	12.0	10.0	10.0	12.0
पवन दिशा (डिग्री)	150	130	90	50	50
क्लाउड कवर (ओक्टा)	6	7	8	6	4

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (7 – 13 सितम्बर , 2021) में 18.2 मिमी वर्षा होने व आसमान मे मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 32.0 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 23.4 से 27.1 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 64 से 97 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 54 से 70 प्रतिशत एवं हवा 2.4 से 8.4 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यत: पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा हो सकती है।अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 31.0 से 35.0 व 20.0 से 22.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 10.0-12.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पूर्व व दक्षिण-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 19 से 25 सितम्बर के दौरान राज्य में वर्षा व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक तथा अधिकतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई आकाशीय बिजली की गतिविधि प्राप्त करने के लिए "दामिनी ऐप" और पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" डाउनलोड करें। दामिनी ऐप और मेघदूत ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.35-0.50 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है। किसान भाई रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा हो सकती है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान में भूरा फुदका का प्रकोप होने और यदि संख्या बहुत अधिक है तो, क्लोथियानिडिन 50 डब्ल्यू डी जी 30ग्राम/हैं का तने पर छिड़काव करें। धान में आभासी कण्ड का प्रकोप होने पर कॉपर हाइड्रॉक्साइड 77 डब्ल्यू पी (कोसाइड) का 2 किग्रा/है. की दर से छिड़काव करें। छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर, मौसम साफ होने पर ही करें।
गन्ना	गन्ने में मिली बग को नियंत्रित करने के लिए मोनोक्रोटोफॉस का 2 मिली /लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। छिड़काव हवा व वर्षा के मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। इस माह के द्वितीय पखवाड़े में शरदकालीन गन्ने की बुवाई करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
गोभी	किसान भाई फूलगोभी की पछेती किस्मों की बुवाई कर सकते है।
चुकंदर	मैदानी व तराई क्षेत्रों में चुकुन्दर की बुवाई इस माह कर सकते है।
बैंगन	पिछलें माह बोई गई बैगन की फसल में निराई-गुड़ाई करें। नत्रजन की बची हुई आधी मात्रा का एक चैथाई हिस्सा खेत में टॉप ड्रेसिंग के रूप में डालें और शेष एक चैथाई नत्रजन का 60-65 दिन के अंतराल पर खड़ी फसल में टॉप ड्रेसिंग के रूप में दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हरे चारे से साइलेज तैयार करें। साथ ही पशुओं को हरे चारे में सूखा चारा मिलाकर दें।